एक दिवसीय 'साइबर सुरक्षा जनजागृति' कार्यशाला

भास्कर न्यूज | अकोला

दैनिक भास्कर 30-12-19

स्थानीय शंकरलाल खंडेलवाल महाविद्यालय में भौतिकशास्त्र विभाग व क्विक हिल फाउंडेशन पुणे के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय साइबर सुरक्षा जनजागृति कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सुगंधा दाणी के हाथों किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर प्राचार्य डा. जगदीश साबू थे तथा मंच पर पुलिस उपनिरीक्षक शैलेंद्र ठाकरे, साईबर पुलिस थाने के ओम देशमुख, प्रशांत केदारे, समन्वयक डा. हरिदास खरात उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में दानी ने साइबर सुरक्षा विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। उन्होंने मोबाईल, संगणक, इंटरनेट के अपराध के स्वरूप, प्रकार व उस संदर्भ में ली जाने वाली दखल के साथ ही विद्यार्थियों को कमाओ व सिखो योजना संदर्भ में मार्गदर्शन किया। द्वितीय सत्र में केदार व देशमुख ने साइबर अपराध के विविध प्रकार, एटीएम, आनलाईन बैंकिंग से समाज में ग्राहकों की होने वाली धोखाधड़ी विस्तार से प्रस्तुत की। विद्यार्थियों के विविध सवालो पर जवाब दिया। उसमें उन्होंने प्रत्यक्ष घटनाओं का मार्गदर्शन कर विद्यार्थियों में जनजागृति की। तीसरे सत्र में श्रीमती सुगंधा दानी ने साईबर सुरक्षा के बारकाई व दखल लेने के बारे में छात्रों को विविध उदाहरण देकर मार्गदर्शन किया। इस अवसर डा. साबे ने अध्यक्षीय भाषण में छात्रों को मार्गदर्शन किया। प्रास्ताविक विकी राऊत ने संचालन अंकीता अमानकर, अपूर्वा कालकोंडे ने तथा आभार प्रदर्शन पूनम कराले ने किया। कार्यशाला में कल्याणी जोशी, यश देशमुख ने मंतव्य व्यक्त किया। कार्यशाला में धनश्री टेंभूर्णीकर, डा. प्रसन्न पांडे, डा. मिलिंद शिरभाते सहित शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।